Seventeenth Loksabha

p>

Title: Demand to open an Army Recruitment Centre in Punjab.

श्री जसबीर सिंह गिल (खडूर साहिब): अध्यक्ष महोदय, सबसे पहले आपने दो प्रावधान किए हैं, उसके लिए मैं आपका धन्यवाद करना चाहता हूं । यह वेलकम स्टेप है । जो भी बिल आता है, इसके इन्फार्मेशन के लिए सेशन लगाते हैं, इस बार चीट फंड अमेंडमेंट्स बिल से शुरूआत की है, वह बहुत अच्छा है और हमें इन्फॉर्मेशन मिली । सामने जो लकड़ी की पट्टीयां लगी थीं, जहां हम अपनी अटेंडेस लगाते हैं, वहां ब्रास प्लेट लगा कर उसकी शान अच्छी बना दी, इसके लिए आपका धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष: आपने अपना समय समाप्त कर लिया, दो मिनट में अपनी बात बोलें ।

श्री जसबीर सिंह गिल : अध्यक्ष महोदय, जो अच्छा हो रहा है उसे न बताएं तो क्या करेंगे । पंजाब को डिस्ट्रब करने के लिए आईएसआई की गतिविधियों की तरफ मैं सरकार का ध्यान उसकी तरफ दिलाना चाहता हूं । पिछले महीने आईएसआई ने एक ड्रोन ने सात बार चक्कर लगाया और उस ड्रोन की क्षमता तकरीबन पच्चीस किलो थी । कई किलो आरडीएक्स और एके-47 राइफल्स पाकिस्तान की तरफ से पंजाब के तरणताल जिले में भेजी गई । हमारा युवा बहुत जज्बाती और जुझारू है । मैं नंगे पांव झोली फैला कर हर दरवाजे पर जाने के लिए तैयार हूं । हमारे यहां एक आर्मी रिक्रुटमेंट सेटर खुलवा दीजिए । धन्यवाद ।